तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

11 विदाई समारोह के साथ न्योता भोज का आयोजन



12 पुलिस प्रेक्षक कलासागर ने लिया स्ट्रांग रूम का जायजा





## खबर संक्षेप

### अंतरला में जहर सेवन कर युवक ने दे दी जान



**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अंतरला के 20 साल के युवक की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अविनाश तांडी पिता आनंद (20) निवासी अंतरला ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। परिवार वालों ने उसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना अंतर्गत राटापाली के बुजुर्ग की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी से ग्राम राटापाली निवासी गणेशराम पिता बल्लू राम यादव (70) ने गांव के स्कूल के पीछे अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### युवक ने किया विषपान, हुई मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन के बाद इलाज के लिए भर्ती युवक की अस्पताल में मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश तांडी पिता गुरुदेव (35) तिलंजनपुर ने जहर सेवन कर लिया था। जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी दुर्गेश मटारी पिता किशोर मटारी निवासी किसड़ी ने आरोपी सुमेश मटारी द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### 23 हजार रुपए का शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम बेहरापाली से बड़ी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कीर्तिलाल यादव पिता (35) निवासी बेहरापाली के खेत से बिक्री के लिए रखे गए 115000 एमएल महुआ शराब कीमत 23000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम किशनपुर के धरमराज नागवंशी पिता नेवार सिंग (49) किशनपुर पिथौरा के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# लोस चुनाव: अंतिम दिन 12 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

## अंतिम दिन तक कुल 19 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के अंतिम दिन तक कुल 19 अभ्यर्थियों के नामांकन दाखिल हो चुके हैं। गुरुवार को अंतिम दिन कलेक्टोरेट परिसर में भारी गहमा गहमी रही। अंतिम दिन होने के चलते अभ्यर्थी लगातार नामांकन प्रपत्र लेकर पहुंचते रहे। बता दें कि गुरुवार को 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें 6 ऐसे अभ्यर्थी रहे जिन्होनें पहली बार ही नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व 13 अलग-अलग अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जा चुके थे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन क्षेत्र महासमुंद के लिए अंतिम दिन नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों में सुखनंदन देशकर निर्दलीय, मुकेश कुमार अग्रवाल निर्दलीय, गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, फरीद कुरैशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, मानिक निर्दलीय एवं महेश कुमार लेबर पार्टी आफ इंडिया रहे। इस तरह गुरूवार को अंतिम दिन तक कुल 19 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। नामांकन दाखिल करने वालों में ताम्रध्वज साहू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी भारतीय जनता पार्टी, बसनंत सिन्हा बहुजन समाज पार्टी, सुखनंदन देशकर निर्दलीय, चंपालाल गुरुजी धरती पकड़ राइट टू रिकॉल, संतोष दारचंद बंजारे निर्दलीय, मुकेश कुमार अग्रवाल निर्दलीय, नितेश कुमार रात्रे सुंदर समाज पार्टी, गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, फरीद कुरैशी गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, मानिक निर्दलीय, महेश स्वर्ण लेबर पार्टी आफ इंडिया, प्रोफेसर सुरेश साहू निर्दलीय, धनसिंग कोसरिया राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना (भारत देश), डॉ. विरेन्द्र चौधरी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, ईश्वर मार्कंडे निर्दलीय, कालिया प्रसाद सेठ निर्दलीय एवं रेखराम बाघ निर्दलीय शामिल है।

### 8 अप्रैल तक नाम वापसी

गुरुवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। आज शुक्रवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी करने के बाद अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी और 8 अप्रैल तक नामांकन फार्म वापस लिया जा सकेगा। नामवापसी के बाद प्रत्याशियों की फायनल सूची जारी की जाएगी।

### दो बैलेट यूनिट का हो सकता है इस्तेमाल

महासमुंद विधानसभा चुनाव की तरह ही इस बार लोकसभा के 2117 मतदान केंद्रों में डबल बैलेट यूनिट का इस्तेमाल किए जाने की स्थिति निर्मित हो रही है। इसमें से यदि कम से कम 4 अभ्यर्थी यदि नाम वापस लेते हैं। तब की स्थिति में ही एक बैलेट यूनिट का इस्तेमाल हो पाएगा अन्यथा डबल बैलेट यूनिट लगाने होंगे। बता दें कि एक बैलेट यूनिट में अधिकतम 15 अभ्यर्थी और एक नोटा कुल 16 प्रत्याशियों के नाम फीड किए जा सकते हैं।

## मशक्कत: एकमुश्त नहीं मिल पा रहा भुगतान, एक दिन में 25 हजार तक लिमिट

# धान खरीदी समाप्त होने के दो माह बाद भी कैश कराने कतार में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



धान खरीदी और बाद में अंतर की राशि निकालने के लिए किसानों को दो माह बाद भी कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक कतार में लगने के बाद भी उनके हिस्से में जरूरत के मुताबिक रकम हाथ नहीं आ पा रहा है। दरअसल, जिला सहकारी बैंकों को इन दिनों कैश की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। कैश की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण किसानों को अधिकतम 25 हजार रुपए तक ही भुगतान किया जा रहा है।

जिले के किसानों को अपनी गाढ़ी कमाई की राशि के लिए पूरा दिन लाइन में लगे रहने के बावजूद मात्र 25 हजार तक की राशि मिल पा रही है। इसके कारण किसानों को सहकारी बैंकों के कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई बैंकों में 25 हजार रुपए पाने के लिए पांच-पांच दिन तक इंतजार भी करना पड़ रहा है, जिससे किसान परेशान हो गए हैं। पहले धान का समर्थन मूल्य का भुगतान पाने के लिए एक दिन में अधिकतम 49 हजार रुपए दिया जा रहा था।

लेकिन, धान के अंतर की राशि 917 रुपए प्रति क्विंटल खाता में अंतरित किए जाने के बाद किसानों की परेशानी और भी बढ़ गई है। होली का त्यौहार और अब शादी का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों को एकमुश्त रकम की जरूरत पड़ रही। लेकिन, बमुश्किल से उन्हें एक दिन में 25 हजार रुपए तक ही दिया जा रहा है।

### ट्रांसफर की सुविधा भी नहीं

जिन किसानों को धान का भुगतान पाने दो बार आना होता था। अब उन्हें तीन से पांच बार तक आना पड़ रहा है। बैंक में सुबह 9 बजे से ही किसानों की लाइन लगना चालू हो जाता है, जो शाम 6 से 7 बजे तक चलता रहता है। कई किसानों ने बताया कि बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे बैंकों की भांति सहकारी बैंकों की राशि को अन्य बैंकों के खाते में ट्रांसफर भी नहीं किया जाता है।

### पर्याप्त कैश उपलब्ध होता है

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि जिले की सभी शाखाओं में पर्याप्त कैश उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, जिन किसानों के पास एटीएम की सुविधा है, वे भी भुगतान पाने बैंक पहुंच जाते हैं, जिससे कैश की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वैसे भी चलित एटीएम को गांव-गांव भेजकर उनसे अपने एटीएम का इस्तेमाल करने की अपील की जाती है।

# ट्रक पलटा, साथ में बाइक सवार को लिया चपेट में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएच 53 में एक ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने से रोड किनारे खड़े एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक को पलटते हुए देखने के बाद बचने के लिए वह बाइक को खड़ी कर दिया था। लेकिन, ट्रक की चपेट में आने से खुद का बचा नहीं पाया और उसमें दबकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक को भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक 18 चक्का खाली ट्रक क्रमांक सीजी 04 टीई 1505 रायपुर से सरायपाली की ओर जा रही थी। इसी दौरान एनएच 53 पोटापारा पिथौरा के पास अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई। टकराने के बाद ट्रक डिवाईडर को पार कर दूसरी साइड रोड में चली गई। इसी दौरान कौहाकुड़ा निवासी प्रेमनाथ पटेल पिता गंगाराम 49 वर्ष बाइक से झलप जा रहा था। ट्रक को डिवाइडर से टकराने के बाद ट्रक की चपेट आने से बचने के लिए वह अपनी बाइक को खड़ी कर दिया। लेकिन, ट्रक इतनी तेजी से उसकी ओर आई कि वह संभल नहीं पाया और जैसे ही ट्रक पलटी, मृतक प्रेमनाथ भी उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक मुकेश जांजगीर निवासी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भादवि की धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# व्यापारियों का भय मिटाने उतरा हूं चुनाव मैदान में: मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लोकसभा निर्वाचन में छग चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने भी नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पश्चात उन्होनें प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा हो या कांग्रेस सभी पार्टियां वोट की राजनीति करती हैं। उन्होंने कहा कि वे एक व्यापारी होने के नाते व्यापारी वर्ग की ओर से चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी पीड़ा होती है जब कोई व्यापारी को चोर कहता है। लेकिन, व्यापारी को चोरी करना अधिकारी ही सिखाते हैं। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि देश विश्वगुरु था और पुनःविश्वगुरु बनने की तैयारी में है। मोदी की सोच अच्छी है लेकिन मोदी के साथ के लोग अच्छे नही हैं। स्पष्ट करते हुए अग्रवाल ने कहा कि वे किसी पार्टी के सदस्य नहीं, हार जीत से कोई लेना-देना नही। व्यापार करुंगा और व्यापारी को कोई चोर कहेगा तो नहीं सहूंगा। व्यापारी छापामारी के डर से चुनाव नहीं लड़ते। उन्होंने कहा कि वे न तो कार्रवाई से डरते हैं न अधिकारी से। केवल व्यापारी वर्ग को राजनीति से भयग्रस्त नहीं होने का संदेश देने वे चुनाव मैदान में हैं। और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने दो बार अपनी बातों को अक्षरशः छापने का करबध्द निवेदन करते हुए पत्रकारों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मेला व भंडारा 14 को

**बिरकोनी।** जय बाबे दी मंदिर में 14 अप्रैल रविवार को विशाल मेला एवं एक दिवसीय भंडारा का आयोजन किया गया है। भंडारा कार्यक्रम जय सिध्द बाबा बालकनाथ की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 4 बजे मंदिर में पूजा पाठ आरती के बाद प्रभात फेरी शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रातः से शाम तक स्वल्पाहार भंडारा एवं विशाल मेला बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में होगा।

# नव संवत्सर: 9 से चैत्र नवरात्रि महोत्सव देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद






चैत्र प्रतिपदा के साथ ही 8-9 अप्रैल की मध्यरात्रि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होगी। इसी दिन से हिन्दुओं का संवत्सर भी बदल जाता है। इस साल नए संवत्सर' पिंगल' से साल की शुरुआत होगी। नवसंवत्सर के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। इस वर्ष हिंदू नववर्ष की शुरुआत पर तीन राजयोग भी बन रहे हैं। साथ ही मां गौरी की आराधना का नौ दिवसीय महापर्व चैत्र नवरात्र के व्रत भी आरंभ हो जाएंगे।

पंचांग के अनुसार, संवत 2081 में आठ अप्रैल को सोमवार की रात 11:55 बजे चैत्र प्रतिपदा तिथि शुरू होगी। अगले दिन यानी 9 अप्रैल को रात 8.30 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा का व्रत नौ अप्रैल को रखा जाएगा। चैत्र नवरात्रि पर घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6.11 बजे से शुरू होकर 10.23 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना होगी। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.03 बजे से 12.54 बजे तक रहेगा।

### इस बार खरमास के बीच पड़ रही नवरात्रि

वर्षों बाद हिंदू नववर्ष तथा चैत्र नवरात्र खरमास में पड़ रही है। खरमास में भी सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। मिली जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। पं किशोर दुबे ने बताया कि खरमास की शुरुआत 14 मार्च से हो चुकी है। यह 13 अप्रैल तक रहने वाला है। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की भी शुरुआत होने वाली है, यानी नवरात्रि भी खरमास में शुरू होगी। लेकिन, खरमास का कुछ खास प्रभाव चैत्र नवरात्रि पर नहीं पड़ेगा। क्योंकि, नवरात्रि की शुरुआत के दिन अबूझ मुहूर्त है, जो शुभ माना जाता है।

### मनोकामना ज्योत के लिए बुकिंग शुरू

इधर, शहर की कुल देवी सहित शीतला, खल्लारी, धुंचापाली चंडी, रामेश्वरी, भवानी सहित शक्ति पीठों में नवरात्र की तैयारियों को लेकर मंदिरों को आकर्षक सज्जा की जा रही है। अभी से अखंड मनोकामना ज्योति के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है। शक्ति पीठों में भक्ति प्रोग्राम के लिए अंचल की जस एवं भजन मंडलियों को बुक किया जा रहा है। महामाया मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि ज्योति कलश के लिए बड़े दियों तथा सप्त प्रतिका तेल आदि के ऑर्डर दिए जा चुके हैं। उत्सव को खास बनाने के लिए प्रतिदिन जस गीत आदि के आयोजन किए जाएंगे।

## अचानक पारा बढ़ने से बिगड़ने लगी लोगों की सेहत, अस्पतालों में पहुंच रहे मरीज

# मौसम का पारा पहुंचा 40 डिग्री पर, बन रहे लू के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते कुछ दिनों से मौसम का पारा 40 डिग्री के पार हो चुका है। ऐसे में लू चलने के आसार बन रहे हैं। लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण लोगों के सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिससे लोग इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंच रहे। ज्यादातर लोगों में सिरदर्द से लेकर धूप से सन-स्ट्रोक का मामला आ रहा है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तापमान में लगातार एक से दो डिग्री की वृद्धि होने की चेतावनी दी है। यानी पूरा सप्ताह काफी गर्म रहेगा। अप्रैल की शुरुआत तेज गर्मी के साथ हुई है। दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। जिला मुख्याल में आग बरसने जैसी गर्मी महसूस हो रही थी। हवा में नमी सुबह महज 55 फीसदी रह गई थी। शाम तक यह घटकर 30 फीसदी के आसपास पहुंच गई। दोपहर को शहर की ज्यादातर सड़कों पर लगभग सत्राटा सा नजर आया। शाम होने के बाद ही सड़कों पर भीड़ हुई। बुधवार को मौसम का पारा 41 डिग्री तक दर्ज की गई है। ऐसे में लोगों के रहन सहन मे भी काफी बदलाव आ गया है। सुबह 10 बजे से धूप तेज हो जाती है, जिससे लोग अब अपने घरों में एसी व कूलर चालू कर लिए हैं। दिन में धूप तेज होने के कारण लोग अब गमछे व रूमाल का उपयोग कर रहे हैं। वही रात में भी उमस का एहसास हो रहा है। ऐसे में लोगो की मुश्किलें बढ़ गई है।



### विभाग ने किया जारी एडवायजरी

बढ़ते धूप के कारण होने वाले सन-स्ट्रोक को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा एडवायजरी जारी किया गया है, जिसमें लक्षण में सिरे में भारीपन, और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सुखना, चक्कर एवं उल्टी होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बाद भी पसीने आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, बेहोश होना आदि इसके लक्षण हैं।

### 6 अप्रैल तक मौसम शुष्क, कहीं-कहीं बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले 6 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा। आसमान साफ रहेगा। प्रदेश में कहीं भी बारिश की चेतावनी नहीं है। मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच रहेगा। रायपुर में भी आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

### खड़खड़िया खेल रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खड़खड़िया नाम जुआ खेल का संचालन करने वाले आरोपी पर सांकरा पुलिस कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अतुल मेहर पिता पांडवो मेहर (27) बैरखपाली जिला बरगढ़ ओडिशा ग्राम परसवानी के रोड किनारे खड़खड़िया जुआ का संचालन कर रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 1180 रुपए जब्त किया है। मामले में धारा 4 जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के तहत कार्रवाई की गई है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप




### नवोदय में साहिल और खुशी का चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथा (कुण्डेल) के दो छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। शिक्षक भूपेंद्र साहू ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में साहिल निषाद पिता राजूराम और खुशी निषाद पिता भुनेश्वर निषाद का चयन हुआ हैं। दोनों बच्चे मेधावी रहे। बच्चों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमलाल निषाद समेत शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक कल

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 अप्रैल शनिवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### मौरीकला में साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन 7 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में ग्रामीण साहू समाज स्तरीय वार्षिक सम्मेलन समारोह 7 अप्रैल रविवार को रखा गया है। कलश यात्रा सुबह



10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जय मां जानकी धुमाल ग्रुप मौरीकला के साथ निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज होंगे। अध्यक्षता रघुनंदन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि शारदा लोकनाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, राधेश्याम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू समाज कुरूद, सुमन संतोष साहू सभापति, जिला पंचायत धमतरी, पुरानिक साहू, विश्वनाथ साहू पूर्व कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद, तामेश्वरी साहू जनपद सदस्य नारी, पोखराज साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी, रेलहा राम साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी होंगे। संगी जहुरिया फाग मंडली छिपली मगरलोड की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी पवन साहू ने दी है।

## निधन

### बुधाबाई गजपाल



**धमतरी।** ग्राम मुजगहन निवासी श्रीमती बुधाबाई गजपाल उम्र 85 वर्ष का 3 अप्रैल को निधन हो गया। वे लालजी गजपाल की मां व हुमन गजपाल की दादी थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम सस्कार में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

करेली बड़ी में शिवमहापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# ग्रामीणों ने किया हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

द आर्ट ऑफ लिविंग परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से करेली बड़ी में साप्ताहिक शिवमहापुराण कथा सार का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचिका साध्वी मुक्ति रोज भगवान शंकर की महिमा का बखान कर रही हैं। शिव के मंत्रों की शक्ति से ग्रामीणों को परिचय करा रही है। पांचवें दिवस अन्धकासुर वध, कार्तिकेय प्राकट्य, बानासुर वध की कथा सुनाई। छटवें दिवस हनुमान जन्म, गणेश जन्म की मनमोहक कथा सुनाई। इसके बाद कथा पंडाल में बैठे ग्रामीणों ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का वाचन किया। शिवलिंग की पूजा करते हुए श्रद्धालुओं ने श्री शिवाय नमस्तुभ्यम जाप कर शिव के मंत्रों का गुंजयामान किया। अष्टलक्ष्मी माहात्म्य, शिव के पांच स्वरूप को बताया। इसके बाद साध्वी जी की शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने साध्वी जी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। 4 अप्रैल को गीता पाठ, विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में ईशा सेन, बिरम निषाद, विद्या निषाद, भावना, परमेश्वरी, खिलेश्वरी, दयाबती निषाद, गंगा बाई निषाद, जितेंद्र कुमार, प्रमोद साहू, जयनारायण साहू, रोशन साहू, नागेश वर्मा, परशुराम, मीना समेत अन्य लोगों का सहयोग रहा।

### गरीबों की करें हमेशा मदद : साध्वी मुक्ति

कथा सार में कथावाचिका साध्वी मुक्ति ने सेवा का अर्थ बताकर देश, राज्य और समाज की सेवा करने कहा। सेवा परोपकार होता है। सेवा करने से भगवान इसका फल देता है। गरीबों की मदद करना, दीन दुखियों को भोजन देना, स्वच्छता कार्य करना यह सब सेवा है। उन्होंने युवाओं को समाज का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया ताकि समाज मजबूत बन सकें। कथासार में आगे बताया कि शिव हमेशा ध्यान में रहते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि हम सबको रोज ध्यान करना चाहिए। ध्यान करने से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

### महिलायें भी कर सकती हैं हनुमान चालीसा का पाठ

आगे कहा कि भगवान गणेश का अर्थ गणों के ईश अर्थात हमारी आत्मा से है। सारे कार्य की शुरुआत गणपति पूजन से होती है। उन्होंने स्त्रियों को हनुमान चालीसा नहीं करने की भ्रांतियों को गलत बताया। महिलायें हनुमान चालीसा का पाठ हमेशा कर सकती हैं। प्राचीन काल से महिलाएं हनुमान चालीसा करती आई हैं। भगवान की भक्ति के लिए कोई भ्रांति की जरूरत नहीं है।

# मानसगान स्पर्धा में बागतराई-कवर्धा की मंडली रही अव्वल

■ धूमा की मानसगान प्रतियोगिता में 24 मंडलियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री




ग्राम धूमा में इस वर्ष भी श्रीराम मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उमेशानंद गिरी महाराज राष्ट्र मंडल अध्यक्ष एवं सुरक्षा परिषद छग थे। अध्यक्षता बहुरराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत धूमा ने की। विशेष अतिथि लक्ष्मण दम्मानी, अजय बंगानी, मनोज पारख, गौकरण साहू, भुनेश्वर साहू, पूर्णेन्द्र साहू थे।

मानस मंच में 24 मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। पुरुष वर्ग में प्रथम रामकृष्ण मानस मंडली बागतराई धमतरी, द्वितीय सत्यम शिवम सुंदरम मानस मंडली भरदाकला दुर्ग, तृतीय नवयुवक मानस मंडली गोढी अहिवारा दुर्ग, चतुर्थ स्थान पर रामभक्त मानस मंडली रक्शे कवर्धा, पंचम राधे मानस परिवार रायपुर की मंडली रही। व्याख्या में जयकारी मानस मंडली सिवनी रायपुर, संगीत में ज्ञानज्योति मानस मंडली बहनबीरी मैनपुर, वेशभूषा में प्रज्ञा मानस मंडली रतनपुर रही।

महिला वर्ग में प्रथम हे मां शारदे बालिका मंडली रंजीतपुर कवर्धा, द्वितीय जय गौरी मानस मंडली रेंगेकठेरा बालोद, तृतीय जय चंडी महिला मानस मंडली सिंगदेही ,चतुर्थ आराधना मानस मंडली कुंदरूपारा बालोद, पंचम तुलसी के फूल मानस मंडली हारादुला कांकेर रही। व्याख्या में श्रद्धा सुमन मानस मंडली छाती धमतरी, संगीत में स्वर संजना मानस मंडली मकेश्वर वार्ड धमतरी ने मारी बाजी।

कार्यक्रम में श्रीराम मानस मंडली के सदस्य बहुरराम, केवल साहू, ओंकारप्रसाद साहू, दिलीप साहू, मोहन यादव, रामजी साहू, डिलेश्वर, जगत, सेवाराम, रामेश्वर साहू, भुनेश्वर राम साहू, राजकुमार साहू, लक्ष्मण, जगदीश, मोनू, घनाराम, चुम्मन, हेमलाल, चमन कुमार, बुध्देश्वर, हिम्मत, बेनू, निर्मल, बबला ,केवल, नरेश, जग्गू, श्रीराम, सालिक, मालिकराम का सहयोग रहा। उद्घोषक हेमलाल साहू एवं केवल साहू धूमा थे।

## सौरभ ने डाक्टर की डिग्री हासिल की



**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के ग्राम बगरुमनाला निवासी सौरभ गोटा ने स्व. बलीराम कश्यप मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से डाक्टर की डिग्री हासिल किया है। वे बगरुमनाला सरपंच एवं समाजसेवी महेश गोटा के पुत्र हैं। सौरभ बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रहे । प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्तर पर हुई। आदर्श स्कूल फरसगांव फिर प्रयास विद्यालय रायपुर से पढ़ाई पूरी कर 2018 में मेडिकल कालेज जगदलपुर में चयनित होकर कम उम्र में ही डाक्टर की डिग्री हासिल की। इस उपलब्धि पर गोंड़वाना समाज तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, छेदप्रसाद कौशिल तहसील अध्यक्ष ध्रुव गोंड़ समाज नगरी, उमेश देव तहसील अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ध्रुव सर्व आदिवासी समाज धमतरी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार साक्षी, नरेश छेदैया, हरख मंडावी, डोमार सिंह ध्रुव, ईश्वर मंडावी, जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी, जयसिंह सोरी, शत्रुघन साक्षी, हेमंत तुमरेटी, संतोष कुंजाम, अरविंद नेताम, मोहन मरकाम, राजू सोम, नरसिंह मरकाम, श्यामाचरण मंडावी, फलेन्द्र मंडावी, नीलू छेदैया, संत कुमार नेताम ने खुशी जाहिर की है।

## होली मिलन समारोह में मानस मंडलियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



छत्तीसगढ़ मानस संगठन तहसील कुरुद का होली मिलन समारोह ग्राम नवागांव (थूहा) में हुआ। मां सरस्वती एवं भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना उपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मानस संगठन धमतरी अध्यक्ष गणराज सिन्हा, उपाध्यक्ष केकती साहू, कोषाध्यक्ष प्रमिला साहू, दुलरवाराम साहू सचिव, रूपराम साहू सहसचिव, विशिष्ट अतिथि राधामोहन साहू प्रांतीय महासचिव, शारदादास मानिकपुरी अध्यक्ष तहसील भखारा थे। होली मिलन समारोह में मानस मंडली ग्राम नवागांव, जय मां सरस्वती मानस मंडली भैंसबोड़, जय चंडी महिला मानस मंडली सिंगदेही, अमर ज्योति मानस मंडली जोरातराई ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में संयोजक विजय कुमार साहू अध्यक्ष तहसील कुरुद, सचिव धनेश साहू ग्राम कन्हारपुरी, लेखराम सेन, ओमप्रकाश निषाद जोरतराई, रवि साहू भैंसबोड़, नीलकंठ, नारायण साहू, बिसहत साहू, बीरेंद्र साहू, ओंकार दास, बुधारु तारक, डॉ. उमेश साहू, प्रदीप साहू, शैलेन्द्र साहू, दुर्गेश गुरुपन्च, रामावतार साहू, ईश्वर दावना, सीताराम साहू, देवेंद्र भेषले, घनेश्वरी साहू, लीला बाई सिंगदेही उपस्थित थे।

## समाज की मजबूती पर दिया जोर




■ देवांगन समाज सिर्री मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम चारभाठा में हुई। मां परमेश्वरी के छायाचित्र पर गुलाल लगाकर पूजा- आरती की गई। बैठक में सिर्री मंडल के ग्राम इकाई सिर्री, हथबंद, बकली, बिरेझर, सिरसिदा, चारभाठा, दरबा के पदाधिकारी और सामाजिक बंधु सम्मिलित हुए। मीटिंग में जिला देवांगन समाज के 6 और 7 अप्रैल को होने वाले वार्षिक सम्मेलन समारोह के संबंध में चर्चा की गई । मंडल में उपलब्ध बचत राशि पर विचार किया गया। मंडल अध्यक्ष नरसिंग देवांगन ने समाज की मजबूती पर जोर दिया। सामाजिक बंधुओं द्वारा होली मिलन का समारोह रखा गया। सबने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खूब होली खेली। इस अवसर पर सचिव विष्णु देवांगन, धनेश देवांगन, चंद्रकुमार देवांगन, छन्नू लाल देवांगन, पामेश देवांगन, सुखराम देवांगन, चुन्नीलाल देवांगन, लिनेंद्र देवांगन, घना देवांगन, देवेंद्र देवांगन, संतराम देवांगन, केजूराम देवांगन, मुरलीधर देवांगन, दीनानाथ देवांगन, लीला देवांगन, कल्पना देवांगन,पार्वती देवांगन, मीना देवांगन, रेणुका देवांगन समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## अगर डिवाइडर नहीं खुला तो ग्रामीण सड़क पर उतरने होंगे बाध्य

■ एनएच 30 ग्राम डांडेसरा में डिवाइडर खुलवाने की मांग, कलेक्टर, एनएच कार्यालय को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ग्राम डांडेसरा में सड़क पार करने डिवाइडर खुलवाने के लिए ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास समिति डांडेसरा के सदस्यों ने कलेक्टर, एनएच कार्यालय धमतरी, पुलिस थाना कुरूद एवं बीईओ आफिस कुरूद को ज्ञापन सौंपा।

सरपंच बिन्दु साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मन साहू, गोपेश्वर जोशी, आलोक चन्द्राकर, मुरलीधर साहू, टिकेश्वर साहू ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चौड़ीकरण के पश्चात ग्राम डांडेसरा में सड़क के बीच डिवाइडर लगाया गया गया है। उक्त मार्ग को पार करके ग्राम के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के बच्चों को आना-जाना पड़ता है। उक्त मार्ग ग्राम के बीच से गुजरा हुआ है। ग्रामीणों को एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में जाने के लिए सड़क पार करना पड़ता है। ग्राम के पालतू जानवरों को भी सड़क पार कराकर ही गौठान तक ले जाया जाता है। स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के आवागमन के लिए डिवाइडर के एक स्थान को खोला गया था, जिसे वर्तमान में बंद कर दिया गया है। इस संबंध में कार्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण धमतरी को भी आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है। लेकिन उक्त रास्ते के संबंध में किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि इनका जल्द निवारण नहीं किया जाता है तो ग्राम के बच्चों के भविष्य को देखते हुए ग्रामवासी सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे।

### धान बेचने के बाद राशि के लिए भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



राज्य शासन द्वारा खरीफ फसल की धान खरीदी समर्थन मूल्य पर नवंबर से जनवरी माह तक की गई। कई किसान ऐसे हैं जिन्हें धान बेचने के बाद राशि नहीं मिल पाई है। नगर पंचायत भखारा वार्ड क्रमांक 9 निवासी राजेंद्र साहू पिता स्व. डोमार साहू ने बताया कि उसने अपनी खरीफ फसल का 50.80 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र भखारा में बेचा है लेकिन अभी तक राशि का भुगतान नहीं हुआ है। राशि नहीं मिलने के कारण आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बकायादारों के ताने सुनने पड़ रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल राशि दिलाने की मांग की है।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित अवैध शराब जब्त की

# शराब की अवैध बिक्री, महिला समेत पांच गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

साइबर सेल की टीम ने चार थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले महिला सहित पांच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर एवं सिटी कोतवाली, कुरूद, नगरी, सिहावा थाना के स्टाफ ने थाना क्षेत्रों में आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इसी क्रम में पुलिस ने लीलेश कुमार बया पिता आशाराम उम्र 35 वर्ष व नंदलाल ध्रुव 19 वर्ष दोनों धमतरी निवासी को मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 22 पौवा देशी अवैध शराब कीमत 1980 रूपये व मोटरसाइकिल जब्त की है।

इसी तरह मोंगरा रोड कुरूद में राजकुमार बारले पिता बालाचंद उम्र 25 वर्ष ग्राम मोंगरा निवासी को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 16 पौवा देशी शराब कीमत 1440 रूपये व बिक्री रकम बरामद की गई है। पुलिस ने पदमा लहरे पति स्वराज उम्र 28 वर्ष बाजारपारा नगरी निवासी को अवैध शराब बेचते पकड़ा है। आरोपी महिला के कब्जे से 3.5 लीटर अवैध महुआ शराब व बिक्री रकम जब्त की गई है। वहीं सिहावा थाना के ग्राम घठुला निवासी प्रेमसागर नागवंशी पिता दशरथ उम्र 34 वर्ष को पुलिस ने 4 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

इस कार्रवाई में साइबर सेल की टीम व कोतवाली, कुरूद, नगरी व सिहावा थाना स्टाफ का योगदान रहा।

# सिंधी समाज का चेट्रीचंड महोत्सव शुरू पहले दिन समाजजनों ने देखी सिंधी फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भगवान झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड महोत्सव इस वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके लिए सिंधी समाज ने तैयारी कर ली है। सप्ताह भर तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रत्येक दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित है, जिससे समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। पहले दिन गुरूवार 4 अप्रैल को समाजजनों ने शहर के एक सिनेमा हाल में प्रदर्शित सिंधी फिल्म खट्टो मिठो देखी। फिल्म देखने से पहले संतों ने दीप प्रज्जवलन कर इसका शुभारंभ किया।

ज्ञात हो कि सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव को चेट्रीचंड महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार 10 अप्रैल को मनाया जायेगा। पहले दिन फिल्म देखने से पर्व की शुरूआत हुई। इस फिल्म में कई संदेश दिए गए हैं जो समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष चंदलाल जसवानी ने बताया कि समाज का सबसे बड़ा महोत्सव झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड महोत्सव 10 अप्रैल को समाजजन मिल-जुलकर मनाएंगे। पहले दिन समाजजनों ने सिंधी फिल्म देखी। समाज की पार्वती वाधवानी ने बताया कि 4 को फिल्म प्रदर्शन के बाद 6 अप्रैल को भगवान झूलेलाल की प्रतिमा का वितरण किया जाएगा। 8 अप्रैल को भव्य स्कूटी रैली निकाली जाएगी।

9 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 10 अप्रैल को मुख्य कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर महेश जज्ञासी, अमर जज्ञासी, श्यामलाल जज्ञासी, रामचंद जज्ञासी, नारायण उदासी, लखन उदासी, कन्हैया उदासी, घनश्याम दास, सुरेश महराज, अमरदास राजवानी, सोनू किशोर वाधवानी, मनीष वाधवानी, अमित बजाज, राकेश गोविंदानी, राजू भोजवानी, हंसराज मूलवानी, भगवान दास, संजू गंगवानी, अमित पिंजानी, शोभित बजाज, धीरज केशवानी, योगेश जसूजा, लक्ष्मण धामेचा आदि समाजजन उपस्थित थे।

फिल्म के प्रदर्शन के लिए चंदलाल जसवानी, महेश रोहरा, थावर राजवानी, दिलीप सुंदरानी, रूपचंद नागवानी, संतराम वाशानी, सुनील देवलानी, निखिल आहूजा, विजय मोटवानी, चेतन हिन्दूजा आदि का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

## जो ईश्वर का नहीं, वो इंसान का भी नहीं



**पिथौरा।** पिछले कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के पंचवर्षीय कार्यकाल में अनेक सांप्रदायिक दंगे व हिंसा हुए। जिसमें एक दर्दनाक हिंसा बुरहानपुर का हैं। ज्ञात हो कि बुरहानपुर में वर्तमान (साजा) विधायक ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर साहू की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निर्ममपूर्वक हत्या कर दिया गया था। उस समय के तत्कालीन गृहमंत्री व साहू समाज के भी मुखिया रहे ताम्रध्वज साहू इतना बड़ी घटना होते हुए भी न ईश्वर साहू के घर गए और न ही किसी प्रकार का दुख व संवेदना प्रगट करने परिवार के पास गए। यह बर्बर हत्याकांड पूरे (छग) व देश में चर्चित रहा। वहीं साहू समाज का मुखिया आज महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, ऐसे प्रत्याशी जो जाति भाई का काम नहीं आया तो अन्य इंसान का भी क्या काम आएगा। इसलिए पूर्व सभापति कृषि जिला पंचायत महासमुंद व पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा (छग) जवाहर बहादुर दीवान ने नारा दिया है, जो ईश्वर का नहीं वो इंसान का भी नहीं।

## स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किया मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बुधवार को रेलवे प्रांगण के बाहर महात्मा गांधी का चित्र लेकर मौन धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा कि रेलवे देश और प्रदेश की जनता को सहूलियत देने वाला सफर तय करवाती है लेकिन जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है तब से रेलवे को बदहाली की दिशा में धकेल दिया है। 10 साल में रेलवे बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा सरकार ने रेलवे की स्थिति को बदतर कर दिया, जिसके फलस्वरूप देश-प्रदेश की जनता परेशानी झेल रही है।

## चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में निकाली स्कूटर रैली

**रायपुर।** चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में महिलाओं ने स्कूटर रैली निकाली। भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई रैली को लिली चौक दुर्गा मंदिर के संत अनंतपुरी गोस्वामी महाराज, आनंद कुकरेजा, श्रीचंद सुंदरानी, अमर परवानी, राजकुमार बजाज, अशोक मखीजा, महेश दरयानी समेत सभी पंचायत के अध्यक्षों ने झंडी दिखा कर रवाना किया। सिंधु पैलेस शंकर नगर से स्कूटर रैली शुरू हुई।

# विदाई समारोह के साथ न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह (नयापारा) में कक्षा 5 वी के बच्चों के लिए विदाई समारोह व बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राकेश जांगड़े ने सरस्वती माता का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा चौथी के बच्चों ने पांचवीं के बच्चों का स्वागत कर उपहार स्वरूप पेन प्रदान किया। प्रधान पाठक ईश्वर साहू ने सभी बच्चों को सतत आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

न्योता भोज के अंतर्गत शिक्षक चंद्रहास साहू ने सभी बच्चों के लिए पकवान, फल एवं मिष्ठान्न का वितरण कराया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। शिक्षक खिलेश सोनबेर व राजेंद्र हनुमंता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश जांगड़े, शिक्षाविद कुंजबिहारी सिंह ठाकुर, डॉ भगवती साहू, प्रधान पाठक ईश्वर साहू, रोजगार सहायक राजेश साहू, भारती सिंह, राधा सोनवानी, गीता पुरेना, शिक्षक विजय बघेल, करन अनंत, बुधराम सिन्हा, खिलेश सोनबेर, राजेंद्र हनुमंता, चंद्रहास साहू, शिक्षिका लेखनी साहू, कुमारी बाई, उषा पुरेना, टामिन बाई पुरेना, दीपा निषाद सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हस्ताक्षर अभियान के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाताओं की मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए मतदाता जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया है। हस्ताक्षर के माध्यम से मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए संदेश दिया जा रहा है।




## बालकनाथ दरबार में वार्षिक मेला व भंडारा 14 को

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के जय बाबे दी मंदिर में 14 अप्रैल रविवार को विशाल मेला एवं एक दिवसीय भंडारा का आयोजन किया गया है। भंडारा कार्यक्रम जय सिध्द बाबा बालकनाथ की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 4 बजे मंदिर में पूजा पाठ आरती के बाद प्रभात फेरी शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रातः से शाम तक स्वल्पाहार भंडारा एवं विशाल मेला बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में होगा। जिसमें ग्राम और बाहर से आए श्रद्धालुओं को पूजा में उपस्थित होकर बाबा पौणाहारी का विशाल मेला में दर्शन व भंडारा में भोजन रूपी प्रसाद पाने की अपील की है।

# राम कथा आयोजनों से बच्चों में अच्छे संस्कार का निर्माण होता है : तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम लभरा कला में आयोजित राम पाठ कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद उनके ननिहाल की धरती को मिले, मेरी यही प्रार्थना है। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से क्षेत्र में समृद्ध और खुशहाल हो। हुलास गिरी गोस्वामी व आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा चंदन लगाकर स्वागत किया। तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांव में राम कथा का आयोजन होने से पूरा गांव राममय भक्तिमय हो गया है, ऐसे आयोजनों से बच्चों में अच्छे संस्कार का निर्माण होता है। राम कथा सुनने से हम सबके जीवन में सुख समृद्धि शांति और ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था विश्वास पैदा करते हैं।

## तीन माह का अल्टीमेटम, बिना कुछ किए बीत गया एक महीना

# पैट सीटी मशीन की उपयोगिता तय करने प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गले की फांस बन चुकी 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन की उपयोगिता तय करने अस्पताल प्रबंधन प्रशासकीय स्वीकृत के इंतजार में है। इस मशीन का जनहित में उपयोग करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए तीन महीने के अल्टीमेटम का एक महीना बिना कुछ किए बीत चुका है।

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में मरीजों की जांच के लिए 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन के उपयोग का मामला समय-समय पर सामने आता है। जनहित में इसका उपयोग करने शासन स्तर पर आश्वासन दिया जाता है, मगर समय के साथ इससे संबंधित पेचीदगी नहीं सुलझने की वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस बार स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कमरे में बंद पैट सीटी मशीन के मामले को गंभीरता से लिया है उन्होंने करीब एक माह पहले अस्पताल प्रबंधन को इसका उपयोग शुरू करने के लिए तीन महीने का वक्त दिया था, लेकिन अब तक इसमें किसी तरह की प्रक्रिया शुरू होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है, जो अब तक अस्पताल प्रबंधन को प्राप्त नहीं हुआ है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि बिना प्रशासकीय स्वीकृति मिले इस मशीन का टेस्ट भी नहीं किया जा सकता कि यह उपयोग के लायक है अथवा नहीं। मशीन वर्ष 2018 में खरीदी गई थी और उसके साथ विवाद का जन्म होने की वजह से उसे कैंसर विभाग के भवन के एक कमरे में ताला बंद कर दिया गया है। मशीन का उपयोग एकमात्र मरीजों की जांच के लिए नहीं किया जा सका है। इस मशीन की वारंटी अवधि भी समाप्त होने की चर्चा है।

### आउटसोर्सिंग पर विचार

सूत्रों के अनुसार राजधानी के सुपरस्पेशलिटी डीके हास्पिटल में पैथालॉजी से लेकर रेडियोलॉजी संबंधित जांच पीपीपी मोड पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जाता है। आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी की जांच की शुरुआत तीन महीने में नहीं किए जाने पर इसे आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किए जाने की चेतावनी दी गई थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पीपीपी मोड पर इसका संचालन बेहतर व्यवस्था हो सकती है।




### कंपनी के इंजीनियर करेंगे जांच

उपयोग के लिए पैट सीटी मशीन की जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से कराया जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

**- डॉ.एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

## साइंस सेंटर ने तैयार किया हैप्पी बर्थ डे संगीत से गूंजने वाला उपकरण, जन्मदिन मनाने लगे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित साइंस सेंटर में अब बच्चे अपना जन्मदिन भी मना पाएंगे। संस्था ने नलिकाओं से एक नया उपकरण तैयार किया है, जिसे नायलोन के हथौड़े से मारने पर हैप्पी बर्थ डे की धुन निकलती है। इस धुन के जरिए यहां पहुंचने वाले बच्चों के साथ बड़े भी अपना और दूसरों का जन्मदिन सेलिब्रेट कर सकते हैं।

- नया उपकरण खूब भा रहा बच्चों को

इस आकर्षक उपकरण को साइंस सेंटर के इंजीनियर डा. अमित मेश्राम ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर यह पहला प्रादर्श तैयार किया गया है। इस उपकरण के बनने से बच्चे अब इस उपकरण से हैप्पी बर्थ डे की धुन निकालकर अपना और अपने साथियों का जन्मदिन भी मनाने लगे हैं।

बच्चों के साथ आने वाले परिजन भी इस उपकरण को काफी पसंद कर रहे है या यहूं कहें कि यहां आने वाले सभी लोगों को यह उपकरण बहुत पसंद आ रहा है, क्योंकि इससे साइंस सेंटर में हर कोई अपना जन्मदिन को संगीतमय वातावरण में सेलिब्रेट कर रहा है।

## जैन मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य मेला 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जैन संप्रदाय के चौबीसवें व अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर संपूर्ण भारत सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न समाजोपयोगी और जनहित के कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर में महावीर जयंती के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में डीडी नगर स्थित 1008 श्रीवासु पूज्य दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में 7 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला की अध्यक्ष वर्षा जैन सिंघई ने बताया कि शिविर में मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट व ईसीजी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित स्त्री रोगों, अस्थि रोगों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श प्रदान करेंगे। कार्यक्रम दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डीडी नगर और जैन मिलन महिला रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

शिविर की तैयारी में आदिश्वर महिल मंडल की सचिव श्रद्धा जैन, वंदना जैन, डॉ. मंजुला जैन, सरिता जैन, वंदना जैन, राखी जैन पवैया, डॉली जैन, अंजलि जैन, शालिनी जैन आदि जुटे हुए हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने ब्रोशर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 7 अप्रैल को चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और चंड्र की रात का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की टीम ने मुख्य अतिथि के रूप में 7 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड में आने के लिए आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आने की सहमति दी। साथ ही मुख्यमंत्री से आयोजन के ब्रोशर का विमोचन भी करवाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आयोजन के सफल होने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, राजा जेठानी, अनिल जोतसिंघानी, विशाल राजानी, प्रकाश सोनवानी आदि शामिल थे।

## सोनकर समाज के अध्यक्ष बने रवि

**रायपुर।** सोनकर समाज भाठागांव राज का अध्यक्ष युवा नेता रवि सोनकर को बनाया गया। इसके अलावा भाठागांव सोनकर समाज का वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजोरीराम सोनकर को चुना गया, सचिव सुरेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष कृष्ण सोनकर, अंकेक्षक छबिलाल सोनकर, उपसचिव दीपक सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नारायण, नरेंद्र सोनकर और तोरण सोनकर को बनाया गया। इसी दौरान समाज के अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की प्रेरणा बिन्नीबाई सोनकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग शासन से की है।

# आदिवासी कंडरा समाज का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन हुआ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज राजिम राज का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 29 से 31 मार्च तक कंडरा सामाजिक भवन राजिम में आयोजित किया गया। इसमें सर्वप्रथम कंडरा समाज के ईष्टदेव संत सुपल भगत, शितला माता, गड़िया देव तथा कंडरा समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थानूराम कंडरा खिशोरा की तैल्यचित्र पर समाज के पूर्व अध्यक्ष व राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, भीम कंडरा, परमेश्वर कंडरा, किशन कंडरा, लोचन कंडरा सहित समाज के सदस्य, प्रतिनिधीगण ने पूजा-अर्चना की। उद्बोधन में पूर्व अध्यक्ष विजय कंडरा, भीम कंडरा, किशन कंडरा तथा डॉ. विरेंद्र कंडरा ने समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों एवं सामाजिक पंजीयन पर बल देते हुए प्रकाश डाला। साथ ही राजिम स्थित सामाजिक भवन के कायाकल्प के लिए राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा से विशेष आग्रह कर भवन उन्नयन पर फोकस रहा, जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। तत्पश्चात सामाजिक प्रकरण का निपटारा कर अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वसम्मति से विशेष चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित सदस्य प्रेम कंडरा, जगदेव कंडरा बंगोली, कौशल कंडरा पारागांव, कैलाश कंडरा राजिम, लोचन कंडरा अशोक कंडरा आरंग, विजय कंडरा सिरी, किशन कंडरा रजनकटा, भुवन कंडरा बहेराडीह खरियार रोड, भीम कंडरा रायपुर, लोचन कंडरा नारी, मोटू कंडरा खिशोरा, नरेंद्र कंडरा खिशोरा, लोचन उदलराम कंडरा खैरा,पुनिया बाई कंडरा आरंग, सरोजनी कंडरा, सागर, कुमार, पवन कंडरा, बंशीलाल कंडरा रायपुर, गौरी कंडरा, चंद्र प्रकाश, सुरेंद्र कंडरा, गब्बर कंडरा, ललिता कंडरा पारागांव, बिरम, किरण कंडरा, हेमिन कंडरा, वर्षा कंडरा, बिंदु कंडरा सिरी, बिमला कंडरा, सरस्वती खिशोरा, श्रवण कंडरा, गौरव अशोक कंडरा सिर्री खुर्द, कैलाश कंडरा आमापारा रायपुर, यशवंत कंडरा रायपुर, पूषण कंडरा, बसंत कंडरा, राजकुमार कंडरा, कुमार कंडरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी कंडरा समाज मीडिया प्रभारी लोचन कंडरा खैरा ने दी है।

# न्यू राजेंद्र नगर में निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से सतनामी समाज के युवक-युवतियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कैरियर गाइडेंस की कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि संस्था के भवन में स्थित लाइब्रेरी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, लेक्चर हॉल आदि वातानुकूलित अलग-अलग कक्षों में बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण सहित यूपीएससी, पीएससी, व्यापम स्तर द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग क्लास, व्यापार व उद्योग के लिए मार्गदर्शन, खेल, कला, संगीत, साहित्य, विधिक सलाह, उन्नत कृषि, बैंक (वित्तीय), राजस्व, उच्च शिक्षा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी, नगरीय प्रशासन, पीएचई, स्वास्थ्य, महिला उत्पीडन समाधान तथा अनुसूचित जाति आयोग से मिलने वाली सहायता आदि के संबंध में निशुल्क मार्गदर्शन देने के लिए सतनामी समाज के 32 से भी अधिक सेवानिवृत्त व वर्तमान वरिष्ठ अधिकारियों तथा विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार की गई है।




**निधन**

## बोधन सिंह ध्रुव



**महासमुंद।** ग्राम मचेवा निवासी व सेवानिवृत्त आरआई बोधन सिंह ध्रुव (64) का 4 अप्रैल गुरुवार को निधन हो गया। वे भारत, हेमंत के पिता व जोधन ध्रुव के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान गणमान्य व परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**आम सूचना**
**भागीदारी फर्म के विघटन हेतु**

मे. कृषक केमिकल्स एंड पैकेजिंग, ख.न. 373, भोरिंग, महासमुंद (छ. ग.) में वर्तमान में (1) श्री भुनेश्वर कुमार चेलक पिता स्व. श्री कांशी राम चेलक (2) श्रीमती गंगा बाई ढीढी पति श्री संजय ढीढी भागीदार है। जो की फर्म का विघटन आपसी समझौते से दिनांक 03 फरवरी 2022 को हो गया है।

भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के भाग 63 (1) के अंतर्गत फर्म का विघटन आपसी समझौते से दिनांक 03 फरवरी 2022 को हो गया है। जिस किसी सज्जन का इस पर आपित्त हो तो उपस्थित पते पर अपनी आपत्ति दर्ज करावें।

**- द्वारा भागीदार**
**कृषक केमिकल्स एंड पैकेजिंग पार्टनर**

**भुनेश्वर कुमार चेलक**

## खबर संक्षेप



### लोगों को शीतल पेयजल, फ्रूटी व छाछ वितरित

**सरायपाली।** संगम सेवा समिति द्वारा तहसील कार्यालय एवं उप पंजीयक रजिस्ट्री ऑफिस में आने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी पाउच की व्यवस्था की गई। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल माह आते-आते मई जून तक गर्मी बहुत बढ़ जाती है, जिस वजह से बाहर से आने वाले ग्रामीण लोगों की सुविधा के लिए समिति द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था कराई जा रही है।

### स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

**महासमुंद।** हनीड्यू इंग्लिश मीडियम स्कूल में समर कैंप के तहत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर उनके हुनर को तराशा गया। 10 दिवसीय इस समर कैंप शिविर में बच्चों के लिए योग, नृत्य, चित्रकला और शिल्प कला का आयोजन किया गया। हनीड्यू इंग्लिश मीडियम स्कूल के संस्थापक डॉ विमल चोपड़ा, शाश्वत चोपड़ा एवं सभी शिक्षकों के द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया।

### बेमचा खल्लारी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के खल्लारी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी चल रही है। चैत्र नवरात्रि पर 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक शतचंडी यज्ञ एवं भागवत महापुराण एवं संगीत जगराता का कार्यक्रम होगा। सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक शतचंडी यज्ञ एवं दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक भागवत महापुराण कथा होगी। वहीं रात्रि 8 बजे से रात्रि 9 तक संगीत जगराता कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम पूरे 9 दिनों तक चलेगा। यह जानकारी लोकेश चंद्राकर ने दी है।



### छात्रवृत्ति परीक्षा में दो छात्राओं का चयन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत दो छात्राओं चंचल साहू पिता धनेश साहू, पैरोज साहू पिता चंद्रशेखर साहू का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-2024 के लिए किया गया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## लोकसभा चुनाव : नाम निर्देशन व्यवस्था की ली जानकारी

# पुलिस प्रेक्षक कलासागर ने लिया स्ट्रांग रूम का जायजा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक एम राकेशचंद्र कलासागर ने महासमुंद लोकसभा अंतर्गत निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के साथ पिटियाझर स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने यहां आवश्यक तैयारियां के संबंध में निर्देश देते हुए सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। कलेक्टर मलिक ने बताया कि चारों स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे और परिसर में मतदान सामग्री वितरण के लिए बेरिकेडिंग की जाएगी। उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस ऑब्जर्वर को जानकारी दी। तत्पश्चात कलासागर द्वारा कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन प्रक्रिया की जानकारी लिया। उन्होंने अन्य निगरानी केंद्रों का भी अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।



### मतदाता जागरुकता संबंधी प्रेरक नारों का दीवार लेखन

लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दीवार लेखन, शपथ, निबंध प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा ग्राम बरोंडा बाजार में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रेरक नारे दाई ददा दूनो झन, मतदान करे बर भूलो झन, न नशे से न नोट से, किस्मत बदलेगा वोट से, सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो, लोकतंत्र का पर्व महान पहले वोट फिर जलपान, घर-घर अलख जगाएंगे वोट डालने जाएंगे, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, बहकावे में कभी न आना सोच समझकर बटन दबाना जैसे नारे लेखन का कार्य किया गया।






### कन्या शाला बसना की तीन छात्राओं का चयन

**बसना।** एससीईआरटी रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना के पूर्व माध्यमिक विभाग से तीन प्रतिभावान छात्राओं मोनिका दास पिता दीपक दास, शाहिना परवीन पिता मोहम्मद नज़ीर आलम, राखी तांडी पिता जयकृष्ण तांडी का चयन हुआ है। प्रभारी प्राचार्य एनके पंडा एवं प्रधान पाठक राजकुमारी गुप्ता सहित शाला परिवार ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। बता दें कि इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं तक प्रतिमाह 1000 की दर से 12000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति केंद्र द्वारा प्रदान की जाती है।

### व्यय प्रेक्षक ने व्यय लेखा टीम की बैठक लेकर निष्पक्ष एवं सजगता पूर्वक कार्य करने दिए निर्देश



**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 09 महासमुंद अंतर्गत महासमुंद जिले के चारो विधानसभा सरायपाली, बसना, खल्लारी एवं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में व्यय लेखा टीम की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक दबास ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकॉर्डिंग आदि करने कहा। ताकि, लेखा टीम को गणना करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी का रजिस्टर व शेडो रजिस्टर बेमेल न हो। उन्होंने शेडो रजिस्टर को सही तरीके से अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में लाइजनिंग अधिकारी अब्दुल वहीद खान, लेखा अधिकारी मधुरिमा बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदाता जागरुकता के लिए महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वीप अंतर्गत जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के निर्देशन एवं संस्था की प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में पोस्टर बनाया। जिसमें प्रमुख रूप से भूमिका ओगरे बीएससी प्रथम, एस कुमार बीएससी द्वितीय, सेवक पटेल बीकाम अंतिम, नंदिनी बीकाम अंतिम, चूड़ामणि बीकाम अंतिम, प्रियंका ध्रुव बीएससी द्वितीय, संजना निषाद बीएससी अंतिम, कुलेश्वरी साहू बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्र/छात्राएं एवं सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव, लता भोई, कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, ऋषि वर्मा एवं सविता पटेल उपस्थित थे।





### पचेड़ा स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमन रात्रे द्वारा बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पचेड़ा के शासकीय प्राथमिक शाला पचेड़ा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांवों में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से मिशन लाइफ जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें युवा अध्यक्ष डोमेश कन्नौजे तथा स्कूली शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। उक्त चित्रकला प्रतियोगिता मंप स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# कांग्रेस सरकार बनते ही मनरेगा में मिलेंगे 400 रुपए : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव प्रचार के दरम्यान वे पंचायत बिराजपाली अंतर्गत चल रहे मनरेगा कार्यक्रम में सैकड़ों मजदूरों के बीच कांग्रेस पार्टी व प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू का प्रचार करने पहुंचे। अपने उद्बोधन में अंकित ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से आज भी ग्रामीण स्तर में रोजगार संभव हो पा रहा है और यदि फिर कांग्रेस सरकार केंद्र में आती है तो मनरेगा में मजदूरी दर 400 रुपए प्रतिदिन होगी। मजदूरों को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज होगा और दुर्घटना बीमा का भी लाभ केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने से मिलेगा। साथ ही युवाओं को 30 लाख नौकरी, किसानों का कर्ज माफ जैसी कई जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिलेगा। महंगाई में कमी आएगी और सभी वर्ग खुशहाल होंगे। साथ ही पूर्व वर्ती कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को बंद करना, राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किश्त किसानों को न देना, बिजली कटौती, बेरोजगारी भत्ता, गौठान को बंद करना, भूमिहीन कृषक न्याय योजना को बंद करना जैसी समस्या को भी सामने रखा। साथ ही महतारी वंदन में पेंशन प्राप्त महिलाओं को पैसे जोड़ कर देने का विरोध भी करने की बात । इस अवसर पर ग्राम के सैंकड़ों मजदूर व युवा उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से योगेश साहू, अभिनेष यादव, भागीरथी साहू, लेखराम ठाकुर, सन्तोष ठाकुर, नेहरू साहू, खेमुराम पटेल, जीवराखन यादव, उत्तर बारले, रामाधार यादव, टुकेश्वर साहू, बालसिंग ठाकुर, जीवन ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, सुखबति, त्रिवेणी साहू, कुमारी ठाकुर, ईश्वरी साहू, चम्पी साहू, दुर्गा साहू, जानकी यादव, निर्मला साहू, लता ठाकुर, दीपक ठाकुर आदि मौजूद रहे।





### जनपद अध्यक्ष समेत कई लोगों का भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र कुमार साहू, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, सभापति रमाकांत ध्रुव, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, घासू राम दीवान, सरपंच रमेश चौधरी, सरपंच संतोष पटेल ने भाजपा की रीति नीति को देखते हुए पार्टी में प्रवेश किया।

# विजय का पीएचडी विषय पर शोध का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग शोध केंद्र में 04 अप्रैल 2024 को विभागीय शोध समिति ( डीआरसी) की बैठक रखी गई। शोध समिति के सदस्य राजनीति विज्ञान विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय चंद्राकर विभागाध्यक्ष दुर्गा महाविद्यालय रायपुर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल डीआरसी शोध समिति चेयरमैन तथा डॉ. मालती तिवारी शोध निर्देशक विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग की उपस्थिति में 01 शोधार्थी छात्र विजय कुमार मिर्चे का पीएचडी विषय शोध रूपरेखा प्रस्तुतिकरण हुआ। गौरतलब है कि विजय कुमार मिर्चे अतिथि सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान के पद पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में विगत 2019 से कार्यरत है का शोध कार्य के लिए समिति द्वारा विषय का चयन हुआ। इस अवसर पर शोधार्थी अनिता अनंत , शोधार्थी महेंद्र कुमार साहू बेमेतरा, शोधार्थी टुपेश कुमार कोसमा अतिथि व्याख्याता जनभागीदारी समिति शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रताप उत्तर बस्तर रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय से केशर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, सीमा रानी प्रधान, अजय कुमार राजा, डॉ. ईपी चेलक, डॉ आरके अग्रवाल सहित महाविद्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी ने विजय कुमार मिर्चे को शुभकामनाएं प्रेषित किए।



# पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन समारोह हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा का होली मिलन समारोह ग्राम खल्लारी के मंगल भवन में हुआ। इससे पूर्व संघ के सभी सदस्यों ने माता खल्लारी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में 80 वर्षीय सदस्यों का शाल, फल से सम्मान किया गया। सम्मानित सदस्यों में विमला महोबिया, तेजनाथ सोनी, आर बेपारी, रामजी प्रसाद पांडेय, हीराधर सोम, अशोक गिरी गोस्वामी शामिल है। सम्मान उपरांत सदस्यों में जेडी मानिकपुरी, आशाराम, चंद्रभान कश्यप, एनआर चंद्राकर, रूपेश तिवारी ने होली संबंधी मुक्तकों एवं फाग गीत से सभा को सराबोर कर दिया। अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा संघ संबंधी जानकारी देते हुए चार प्रतिशत महंगाई राहत भार मार्च महीने से शासन द्वारा स्वीकृति होने की जानकारी दी गई। रामजी प्रसाद पांडेय ने होलिका पर्व मनाने की पौराणिक गाथा के साथ होलिका दहन की बुआ-भतीजे की नई कहानी के बारे में जानकारी दी गई। आभार प्रकट करते हुए धानसिंग ठाकुर द्वारा प्रांतीय महामंत्री रूपेश तिवारी को कुशल संचालन के लिए शाल व फल भेंटकर सम्मान किया गया।

अंत में संघ के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की मंगल कामना की। इस दौरान हीराधर सोम, गोपाल ठाकुर, बैराग दास, ज्ञानसिंग ध्रुव, कल्याण सिंह बरिहा, कुंजलाल दीवान, रामजी प्रसाद पांडेय, तेजनाथ सोनी, भूषण साहू, जेडी मानिकपुरी, धानसिंग ठाकुर, चंद्रभान कश्यप, आशाराम मोंगरे, वेदराम ब्रम्हभट्ट, आर बेपारी, पन्नालाल महोबिया, खोलबाहरा साहू आदि उपस्थित रहे।

# तृतीय लिंग के मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

## लोकसभा निर्वाचन 2024: मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुंद सर्वाधिक मतदान करने वाला जिला बने इस उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन में हर स्तर पर मतदाता जागरुकता के लिए गतिविधियों का आयोजन जारी है तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में बुधवार को समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह ने बागबाहरा विकासखंड के फुलवारी पारा वार्ड क्रमांक 14 में निवासरत तृतीय लिंग मतदाताओं से सम्पर्क कर उन्हें मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने सभी तृतीय लिंग व्यक्तियों को स्वीप बैच प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी तृतीय लिंग व्यक्तियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने करने की अपील की। साथ ही उन्होंने मतदान के दिन सभी तृतीय लिंग मतदाताओं को एक साथ मतदान कर एवं मतदान के पश्चात ग्रुप फोटो सोशल मीडिया में अपलोड करने को कहा। इस दौरान समस्त तृतीय लिंग मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में स्वीप नोडल (मैनेजमेंट) रेखराज शर्मा, डॉ. वृंदावन पटेल जिला दिव्यांग समन्वयक एवं स्वीप प्रभारी समाज कल्याण, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही स्वीप के ब्रांड अबेंसेडर एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



